123

# जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांकः–प–14(9)जविप्रा/संस्था/2018 दिनाँक 25/7/18

## : परिपत्र :

शासन तंत्र के सभी स्तरों पर पारदर्शिता लाने की दृष्टि से एवं जवाबदेही प्रशासन की धारणा को मूर्तरूप देने के क्रम में मुख्य सचिव, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग(अनुभाग–1), राजस्थान सरकार द्वारा जारी परिपत्र क्रमांकः–प–10(1)प्र.सु./अनु–1/2012 दिनाँक 30.03.2012 के निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के लिये प्राधिकरण स्तर पर भी कार्यालय आदेश क्रमांक प–14(9)जविप्रा/संस्था/2012 दिनाँक 30.07.2012 एवं पुनः जारी परिपत्र क्रमाँक प.14(9)जविप्रा/संस्था/2017 दिनाँक 09.052017 द्वारा सभी को निर्देशित किया जा चुका है, परन्तु प्राधिकरण में इसकी पूर्णतः पालना नहीं हो रही है।

अतः इस क्रम में प्राधिकरण के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को उपरोक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने हेतु पुनः निर्देशित किया जाता है कि वे राजकीय कर्तव्य निर्वहन के दौरान किसी पत्र, नोट एवं अन्य दस्तावेज पर हस्ताक्षर करें तो अपने हस्ताक्षर के नीचे दिनाँक एवं अपना पूरा नाम आवश्यक रूप से अंकित करे, जिससे प्रशासन में बेहतर पारदर्शी एवं जवाबदेही स्थापित हो सके।

जो कार्मिक पत्र/आदेश, आदि पर अपने पदनाम की मोहर लगाते हैं वे अपने नाम की मोहर भी अलग से पदनाम के उपर लगा सकते है अथवा नाम अंकित कर सकते है तथा उसके उपर अपने दिनांकित हस्ताक्षर कर सकते हैं।

उक्त निर्देशों की अवहेलना को गंभीरता से लिया जायेगा ओर ऐसी स्थिति में अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

(ओ.पी. बुनकर)
सचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, जयपुर विकास आयुक्त, जविप्रा, जयपुर।
2. निजी सचिव, सचिव, जविप्रा, जयपुर।
3. निजी सचिव, पुलिस अधीक्षक, जविप्रा, जयपुर।
4. निदेशक(अभियांत्रिकी–प्रथम/द्वितीय/आयोजना/विधि/वित्त), जविप्रा, जयपुर।
5. निजी सचिव, वन संरक्षक, जविप्रा, जयपुर।
6. अति.आयुक्त(प्रशासन/पूर्व/पश्चिम/पुनर्वास/एल.पी.सी./पी.आर.एन./भूमि), जविप्रा, जयपुर।
7. भूमि आवप्ति अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।
8. संयुक्त आयुक्त(संसाधन विकास एवं समन्वय/सिस्टम्स् मेनेजमेन्ट), जविप्रा, जयपुर।
9. अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक(बी.पी.सी./एम.पी.), जविप्रा, जयपुर।
10. समस्त अतिरिक्त मुख्य अभियंतागण.................... जविप्रा, जयपुर।
11. मुख्य नियंत्रक(प्रवर्तन), जविप्रा, जयपुर।
12. समस्त अधीक्षण अभियंतागण ............., जविप्रा, जयपुर।
13. समस्त वरिष्ठ नगर नियोजकगण .............., जविप्रा, जयपुर।
14. विशेषाधिकारी(आर.एम./कार्मिक/जाँच), जविप्रा, जयपुर।
15. अति.निदेशक(राजस्व एवं सम्पत्ति निस्तारण), जविप्रा, जयपुर।
16. संयुक्त पंजीयक(सहकारिता), जविप्रा, जयपुर।
17. समस्त उपायुक्तण जोन–1 से 14/पीआरएन–उत्तर–I/II/पीआरएन–दक्षिण–I/II/स्टोर एवं वाहन/प्रशासन/जाँच/रेकार्ड/पी.पी.सी., जविप्रा, जयपुर।
18. उप निदेशक(प्रोजेक्ट एवं आडिट/व्यय एवं बजट), जविप्रा, जयपुर।
19. समस्त अधिशाषी अभियंतागण........., जविप्रा, जयपुर।
20. उद्यानविज्ञ, जविप्रा, जयपुर।
21. सिस्टम एनालिस्ट, जविप्रा, जयपुर।
22. वरिष्ठ लेखाधिकारी (पेंशन/आर.सी.आर.), जविप्रा, जयपुर।
23. लेखाधिकारी(भुगतान), जविप्रा, जयपुर।
24. परामर्शी, (जन सम्पर्क), जविप्रा, जयपुर।
25. प्रभारी, नागरिक सेवा केन्द्र, जविप्रा, जयपुर।
26. समस्त प्रकोष्ठ अधिकारी/कर्मचारी ................, जविप्रा, जयपुर।
27. नोटिस बोर्ड।
28. रक्षी पत्रावली।

(ओ.पी. बुनकर)
अति.आयुक्त(प्रशासन)